Issues regarding smart meters and electrical grids in Purnia Parliamentary Constituency

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सभापति महोदय, मैं सबको विश्व आदिवासी दिवस पर बधाई देना चाहता हूँ । सबसे पहले कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया का जो इलाका है, वह बहुत ही गरीब और अत्यन्त पिछड़ा इलाका है । यहां स्मार्ट मीटर का आतंक है । मीटर को रिचार्ज नहीं किया जाता है । मिडिल क्लास, गरीब और अत्यन्त पिछड़े लोगों पर मीटर के द्वारा लगातार शोषण हो रहा है । यह स्मार्ट मीटर बहुत गलत है । इसकी रीडिंग की जांच बहुत ही आवश्यक है । मेरा आग्रह है कि कटिहार जिले में आज से तीन साल पहले विद्युत ग्रिड के लिए जिस जमीन का अधिग्रहण किया गया है, उसके लिए अभी तक सरकार ने जमीन नहीं दी है । विद्युत ग्रिड की जमीन आवश्यक है । मेरे क्षेत्र में बिजली की बहुत ज्यादा कटौती हो रही है । सबसे अधिक कटिहार और पूर्णिया में बिजली की कटौती हो रही है ।

माननीय सभापति **:** आप सीनियर सदस्य हैं । शून्य काल में आप एक ही विषय को उठा सकते हैं ।